हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–212 : जौनपुर, शनिवार 27 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भारत की आन, बान व शान पर आंच नहीं आने देंगे:राजनाथ सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को आतंकवादियों और सीमा पर तनाव बढ़ाने वाले दुश्मन देश को जौनपुर की धरती से कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन यदि कोई छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे भी नहीं। आज भारत के अंदर यह ताकत है कि इस पार ही नहीं हम ऊस्पार भी जाकर आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। रक्षामंत्री जौनपुर के टीडी कालेज में शनिवार को आयोजित भाजपा काशी क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेकर कहा कि कभी आतंकवाद पर कड़ा कदम नही उठाया। 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन मोदी सरकार में आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब सीमा के इस पार से लेकर उस पार तक दिया जा रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि आज हमने सेना के हाथों को खोला दिया है। भारत की आन, बान व शान पर आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टचार को काबू करने की नीयत सिर्फ भाजपा की है व गुंडे–माफियाओं में दहशत फैल फैल गई है। उन्होंने कहा कि बिना कानून व्यवस्था चुस्त किए देश का विकास नहीं नहीं किए जा सकता। उन्होंने कहा कि कहा कि आप लोगों के दमखम पर आज भाजपा भारत की नहीं पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। रक्षामंत्री ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि भाजपा यूपी में 300 से अधिक सीट जीतेगी। अयोध्या




में मंदिर निर्माण का उल्लेख कर कहा कि भव्य राम मंदिर बन रहा हैं व 370 हटाकर हमने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। अंतराष्ट्रीय मंच पर आज भारत कुछ कहता हौ तो पूरी दुनियाँ उसे सुनती है। उन्होंने कहा कि भारत के ऋषियों व मनीषियों ने विश्व धरा पर रहने वाले सभी कघे अपना माना। सपा बसपा को निशाने पर लेकर कहा कि यूपी की जनता बूआ–बबुआ नहीं, बल्कि मजबूत सरकार चाहिए। यह भी कहा कि जिन्ना पाकिस्तान के जनक हो सकते हैं। भारत के जनक कभी नहीं हो सकते।राजनाथ सिंह ने कहा मोदी जी योगी जी आप धड़ाधड़ बैटिंग करते जाइए आपको कोई गिरा नहीं कर सकता आपको कोई हिट विकेट भी नही कर सकता है। यूपी की जनता कह रही है यूपी में न बबुआ न बुआ चाइए सिर्फ योगी जी चाहिये। कोविद के दौरान जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो किया है उसकी सराहना वर्ल्ड हेल्थऑर्गनाइजेशन कर रहा है।अब जिन्ना कहा से आ गया।कुछ लोग भारत को टुकड़े टुकड़े करके चाहते है। क्या देश को पंथ और मजहब के आधार पर बाटना चाहते हैं।ये देश ऋषियों मुनियों का है।

## प्रदेश के सभी जिलों में कर्मचारी–शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकालकर दिया ज्ञापन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कर्मचारी–षिक्षक संयुक्त मोर्चा, उ0प्र0 के आहवाहन पर डी.ए. की फ्रीज 3 किस्तो के एरियर का भुगतान करने सहित विभिन्न संवर्गो की वेतन विसंगतियां दूर करने, पुरानी पेंशन लागू करने, निजीकरण समाप्त करने सहित 12 सूत्रीय मांग की पूर्ति हेतु लखनऊ सहित प्रदेष के समस्त जनपदों में जिलाधिकारी के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया। लखनऊ के कर्मचारी–शिक्षक आज शाम 04:00 बजे नगर निगम मुख्यालय पर एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक मशाल जुलूस निकालकर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष श्री वी. पी. मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई सभा में यह भी घोषणा की गई कि दिनांक 09 दिसम्बर, 2021 से प्रदेश के लाखो कर्मचारी–षिक्षक कार्य बहिष्कार/कार्यबन्दी करेंगे। मोर्चा के महासचिव श्री शशि कुमार मिश्र ने कहा कि प्रदेश का कर्मचारी अब सौतेले रवैये से नाराज है , इसलिए आंदोलन आवश्यक है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि अनेक आन्दोलनो के माध्यम से शासन व सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया था, लेकिन कोई वार्ता तक नही हो सकी । फार्मेसिस्ट, आप्टोमेट्रिस्ट, लैब टेक्निशियन सहित अन्य संवर्गों की वेतन विसंगति केन्द्र सरकार द्वारा दूर की जा चुकी है परन्तु समझौतो के बावजूद प्रदेश में अभी वेतन विसंगति लम्बित है। अन्य संवर्गो की वेतन विसंगति एवं वेतन समिति की संस्तुतियों एवं शेष भत्तों पर अक्टूबर 2018 में ही मंत्रिपरिषद से निर्णय कराने का निर्णय लिया गया था जो एक वर्ष बाद भी अभी तक लम्बित है। केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में 03 लाख आउटसोर्सिंग, संविदा, ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों हेतु स्थाई नीति बनाने की मांग ठंडे बस्ते में है । मोर्चा ने राजस्व संवर्ग, सींच पर्यवेक्षक, जिलेदार, स्थानीय निकाय आदि की सेवा नियमावली, एवं तकनीकी पर्यवेक्षक नलकूप सेवा नियमावली, अधीनस्थ वन सेवा नियमावली, वेटेनरी फार्मेसिस्ट की सेवा नियमावली प्रख्यापित करने, सभी संवर्गो का पुनर्गठन, जिनकी सेवा नियमावली प्रख्यापित नही हैं, उसे प्रख्यापित कराने का निर्णय लिया गया था। निर्णय के बाद मोर्चा लगातार शासन का ध्यान आकृष्ट करता रहा है। शासन द्वारा संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए स्थाई नीति का निर्णय फरवरी 2019 में पूर्ण कर लिया गया लेकिन अभी तक मंत्रिपरिषद से पारित नही कराया गया। जिसके कारण संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियो की स्थाई नीति जारी न होने से कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है। –2– शासन द्वारा यह भी निर्णय लिया गया था कि एक समान शैक्षिक योग्यता वाले संवर्गों को एक समान वेतन भत्ते अनुमन्य किए जाये चाहे वे किसी भी विभाग में कार्यरत हो, परन्तु वित्त विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है। बार–बार समझौतों के बावजूद कर्मचारियों की कैशलेस चिकित्सा सुविधा अभी तक प्रारम्भ नही हो सकी। उ0प्र0 स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय प्रवक्ता सै0 कैसर रजा द्वारा बताया गया कि प्रदेष की स्थानीय निकायों की मांगों पर वर्षों से कार्यवाही लम्बित है, वही फार्मासिस्ट फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, मोर्चे के प्रवक्ता सुनील यादव एवं डी0पी0ए0 के अध्यक्ष श्री संदीप बड़ोला ने बताया कि प्रदेश के समस्त विधाओं के फार्मासिस्ट चिकित्सालयों की रीढ़ के रूप में कार्य कर रहें है, जिनकी मांगो पर उच्च स्तर पर लिये गये निर्णय के बाद भी क्रियान्वयन लम्बित है। वही प्रदेष के रोडवेज कर्मचारियों तथा विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 राज्य निगम के कर्मचारियों आदि की सेवा सम्बन्धी तथा अन्य वेतन विसंगतियाँ, विनियमितीकरण आदि की समस्याओं का हल न निकलने के कारण रोडवेज कर्मचारी परिषद के महामंत्री श्री गिरीष चन्द्र मिश्र एवं उ0प्र0 राज्य निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष श्री मनोज मिश्र ने भी रोष व्यक्त किया।मशाल जुलूस में परिषद के संगठन प्रमुख सर्वश्री डा० के०के० सचान, अध्यक्ष सुरेष रावत, निगम महासंघ के महामंत्री श्री घनष्याम यादव, माध्यमिक षिक्षक संघ के महामंत्री, नन्द किषोर मिश्र, जवाहर इन्दिरा भवन कर्मचारी वेलफेयर ऐसोसिएषन की अध्यक्षा श्रीमती मीना सिंह एवं यू0पी0 सिंह, अशोक कुमार महामंत्री राजकीय नर्सेज संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएषन के महामंत्री उमेष मिश्र व कोषाध्यक्ष, अजय पाण्डे, फार्मासिस्ट फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार, कुष्ठ कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतीश यादव, सहायक वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मो० नदीम महामंत्री अमित श्रीवास्तव, सिंचाई संघ के अध्यक्ष आर० के० पान्डे महामंत्री अवधेश मिश्र, राजस्व अधिकारी संघ के महामंत्री नीरज चतुर्वेदी, डेन्टल हाईजिनिस्ट एसोसिऐषन के राजीव तिवारी, वन विभाग मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के महामंत्री आशीष पान्डे, बेसिक हेल्थ वर्कर एसो० के अध्यक्ष धनन्जय तिवारी महामंत्री एस० एस० शुक्ला, के०जी०एम०यू० कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष प्रदीप गंगवार, महामंत्री राजन यादव, संयुक्त एन०एच०एम० कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेष उपाध्याय, आप्टोमेट्रिस्ट एसो० के अध्यक्ष सर्वेश पाटिल, एक्स–रे टेक्नीशियन एसो० के महामंत्री आर0के0पी0 सिंह, डा0 आर0एम0एल0 लोहिया अस्तित्व बचाव मोर्चा के अध्यक्ष डी0डी0 त्रिपाठी, राम मनोहर कुषवाहा, अनिल चौधरी, परिषद के मण्डलीय मंत्री राजेष चौधरी, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार, सचिव कमल श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेषीय सफाई कर्मचारी संघ के प्रमुख महामंत्री जगदीष प्रसाद बाल्मीकि, राहुल बाल्मीकि, उ0प्र0 जल संस्थान कर्मचारी महासंघ के राजेन्द्र यादव, नगर निगम आर0आर0 कर्मचारी संघ शैलेन्द्र तिवारी, जल संस्थान एवं नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के शैलेष धानुक, उ0प्र0 नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के राम कुमार रावत तथा लखनऊ जल संस्थान कर्मचारी परिषद के नितिन त्रिवेदी आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## लखनऊ में 03 दिसंबर को होगी कायस्थ हुंकार रैली

लखनऊ। जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तीन दिसम्बर को पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद बाबू के जयंती पर निशातगंज गोंमती तट भगवान चित्रगुप्त मंदिर मैदान पर होने वाले विशाल कायस्थ हुंकार रैली के संबंध में एक सम्मेलन एवं संगत पंगत स्व सुरेश कुमार श्रीवास्तव विधायक के राजाजीपुरम आवास सभागार में संम्पन्न हुआ सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त जी के प्रतिमा पर अतिथियों ने दीपप्रज्वलन कर भव्य आरती के साथ सुभारम्भ किया। सम्मलेन की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखनऊ के जिलाध्यक्ष पवन भास्कर ने किया सफल संचालन कायस्थ महासभा के महासचिव भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने किया। विशाल सम्मलेन को संबोधित करते हैं कायस्थ महासभा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आर के सिन्हा राज्यसभा सांसद ने कहा कि तीन दिसम्बर को पूरे उत्तर प्रदेश से हजारों कायस्थ समुदाय के लोग लखनऊ कायस्थ हुंकार रैली में भाग लेंगे उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज के लोगो को लगातार राजनीतिक दलों द्वारा उपेक्षा करने पर ये जनजागरण करने के लिए किया जा रहा है। आर के सिन्हा जी ने कहा कि कायस्थ समाज ने देश के आजादी से लेकर देशहित राष्ट्रहित में बहुत योगदान दिया है। इसी समाज ने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित अनेक पदों पर कार्य किया है पर आज ये समाज राजनीतिक हासिये पर जा रहा है कायस्थ समाज के उत्थान के लिए हुंकार रैली आयोजित किया जा रहा है उक्त कायस्थ हुंकार रैली में देश भर के वरिष्ठ कायस्थ समाज के राजनीतिक दलों के नेता मंत्री सांसद विधायक अभिनेता सहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रशेन श्रीवास्तव सहित संगत पंगत के हजारों लोग भाग लेंगे। विशिष्ट अतिथि विंध्यवासिनी कुमार एमएलसी ने कहा कि तीन दिसम्बर को हाइकोर्ट चौराहे पर सुबह साढ़े दस बजे डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की प्रतिमा पर



पुष्पन्नजली अर्पित किया जाएगा जिसमे सभी लोग भाग लेंगे उसके साथ सभी लोग हुंकार रैली में भाग लेंगे। भाजपा नेता सौरभ श्रीवास्तव कवि ने कहा कि लखनऊ पश्चिम क्षेत्र से दस हजार कायस्थ समाज के लोग हुंकार रैली में भाग लेंगे। भाजपा नेता बच्चा भइया ने कहा कि यह रैली कायस्थों का सम्मान बढ़ाएगी। संगत पंगत के प्रदेश संयोजक मनोज लाल श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुचकर अपने ताकत का प्रदर्शन करें। जिलाध्यक्ष कायस्थ महासभा पवन भास्कर ने कहा कि लखनऊ जिले से 25 हजार लोग भाग लेंगे। सम्मेलन को भाजपा नेत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जयती श्रीवास्तव श्रीमती रत्ना सिन्हा श्रीमती साधना वर्मा पासर्द शिवानी निगम शक्ति श्रीवास्तव वंदना अस्थाना ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हुंकार रैली में हजारों महिलाओं की भी उपस्थित रहेगी। सम्मलेन इसान निगम महानगर अध्यक्ष मोहित जौहरी संगठन मंत्री मनीष श्रीवास्तव भाजपा नेता अशोक श्रीवास्तव मंत्री शैलेश श्रीवास्तव पूर्व चबे राकेश श्रीवास्तव विमलेश श्रीवास्तव आशीष रंजन आदर्श श्रीवास्तव हरिओम श्रीवास्तव एस के निगम सुरेंद्र अस्थाना अतुल श्रीवास्तव सुरेंद्र पाल वर्मा विजय श्रीवास्तव कुलदीप सिन्हा दिलीप श्रीवास्तव भारत शंकर सक्सेना अनुराग श्रीवास्तव।

## खेती को उद्यम के रूप में अपनाने की आवश्यकता : 'रबी गोष्ठी में किसानों को किया गया प्रशिक्षित'

जौनपुर सू.वि. : कृषि विभाग द्वारा शनिवार को विकास खंड खुटहन एवं करंजाकला के परिसर में कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहा किसानों की आय दूनी करने के उपाय, पराली प्रबंधन, गेहूँ की लाईन में बुआई, विपणन व्यवस्था, मृदा स्वास्थ्य, रबी फसलों के वेहतर उत्पादन वाली तकनीकीयो एवं लाभकारी कृषि योजनाओं से विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्रशिक्षित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक (आत्मा ) डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश का विकास ' कृषि के विकास ' में निहित है। पूर्व में कृषि विकास हेतु संचालित योजनाओं में उत्पादन, उत्त्पादकता वृद्धि एवं खाद्य सुरक्षा पर विशेष बल रहा है। वर्तमान बाजार व्यवस्था में उत्पादन/उत्पादकता वृद्धि किसानों के आय में वृद्धि की गारन्टी नही है। उत्पाद का मूल्य सम्बर्धन, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग कर किसानों की समृद्धि की जा सकती है। डा. यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को अब खेती को आजीविका के साधन के रूप में नही बल्कि उद्यम के रूप में अपनाने की आवश्यकता है, इसमे कृषि तथा संबंधित विभागों यथा पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, मंडी का सहयोग किसान भाइयों को लेना होगा। कृषि वैज्ञानिक डा. अनिल कुमार यादव ने किसानों को कतार में बुआई, फसल चक्र, सन्तुलित उर्वरक प्रबंधन, जल प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, समन्वित कृषि प्रणाली, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं जैविक खेती की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने रबी फसलों में कीट एवं रोगों के बचाव की जानकारी दिया। कृषि वैज्ञानिक ने मशरूम उत्पादन की तकनीक तथा बीज शोधन, भूमि शोधन, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख करंजाकला सुनील कुमार यादव तथा प्रमुख सुईथाकला उमेश तिवारी ने भी गोष्ठी को संबोधित किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. चन्द्रभानु भारशिव ने पशु केसीसी, पशुओं के रखरखाव, निःशुल्क कृतिम गर्भाधान की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव तथा संचालन एडीओ मुकेश कुमार कन्नौजिया ने किया। एडीओ एजी. डा. मनोज यादव ने आभार जताया। इस मौके तकनीकी सहायक डा. चन्द्रमणि, प्रेमचन्द पाल, बीटीएम जुनेद अहमद, राजेन्द्र प्रसाद पाल, महेंद्र सिंह, अनिल सिंह, विमल सिंह, पंकज उपाध्याय, नीलम, आशा, रेखा, सुनीता, हीरालाल, लक्ष्मण दास, सभाजीत आदि किसान मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने ईएसआई के नए भवन के ब्रांच ऑफिस और डिस्पेंसरी का किया उद्घाटन

रायबरेली ब्यूरो : केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को गांधी परिवार के गढ़ में जहां पार्टी की उपलब्धियां गिनाई, वहीं बिना नाम लिए सांसद सोनिया गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वार्ड्रा पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में रायबरेली जिले में पांच लाख परिवारों को शौचालय बनवाए गए। 55 वर्षों तक यहां शासन करने वाले रायबरेली में शौचालय नहीं बनवा पाए, वह यूपी बनाने की बात करते हैं। 1978 से किराए के भवन में चल रही डिस्पेंसरी को अब जाकर बिल्डिंग नसीब हो सकी। अमेठी सांसद ने प्रगतिपुर में ईएसआई डिस्पेंसरी एवं शाखा कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में पांच लाख परिवारों को मुफ्त में राशन दिया गया। पहले जिन लोगों ने यहां राज किया, उन्होंने रायबरेली की जनता के साथ छलावा किया। केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि अब




खुद का भवन होने से लोगों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हितों को देख रही है और फिर उसी के हिसाब से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा का ही है। इस दौरान यूपी सरकार में मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री रामेश्वर भी मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## रोजगार मेले में 85 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला सेवा योजन कार्यालय, पयागीपुर एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 26 नवम्बर, 2021 को प्रातः 10:00 बजे से एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन सेवा योजन कार्यालय पयागीपुर के परिसर में प्रत्यक्ष साक्षात्कार के माध्यम से किया गया, जिसमें कुल 172 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 85 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## नजूल भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे के सम्बन्ध में बैठक हुई आयोजित

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : अपर जिलाधिकारी(वि0/र0) मनोज कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नजूल भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित की



गयी, जिसमें नजूल जमीन का पुनः सर्वेक्षण करवाये जाने हेतु प्रभारी अधिकारी नजूल अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा निर्देशित किया गया कि नजूल जमीन पर अवैध कब्जे दारों पर पी0पी0 एक्ट का मुकदमा दर्ज करने हेतु आदेशित किया गया। वर्तमान में पी0पी0 एक्ट के अन्तर्गत वादों की सुनवाई जल्द किये जाने हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को आदेशित किया। प्रभारी अधिकारी नजूल अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) द्वारा नजूल जमीन पर नक्शा पास न किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी नगर पालिका परिषद महेन्द्र श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी धीरेन्द्र कुमार, तहसीलदार सदर विदुषी सिंह, नजूल लिपिक व राजस्व कर्मी मौजूद रहें।

## आर्टिफिशियल ज्वेलरी कारोबारी की चाकुओं से मारकर हत्या एक घायल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कोतवाली थाना क्षेत्र के गंगेश चौराहे पर आर्टिफिशियल ज्वेलरी की चाकू से गोदकर हत्या लकड़ी व्यवसायीं घायल घटनास्थल पर पुलिस पहुंची घायलों को अस्पताल पहुंचाया आर्टिफिशियल जलेवर्स की मौत लकड़ी व्यवसाई को मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर। राजघाट थाना क्षेत्र के बसंतपुर स्थित रानी का सराय निवासी अविनाश जयसवाल पांडेयहाता में रोल्ड गोल्ड ज्वेलरी आर्टिफिशियल दुकान मालिक को अज्ञात हमलावरों ने कोतवाली थाना क्षेत्र के गंगेश के पास चाकू से गोदकर हत्या कर दी जबकि परमात्मा मद्धेशिया निवासी राजघाट थाना क्षेत्र में लकड़ी कारोबारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में दोनों को जिला अस्पताल लाया गया वहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां आर्टिफिशियल ज्वेलरी व्यवसायीं अभिनाश की मौत हो गई जबकि लकड़ी कारोबारी परमात्मा मद्धेशिया गंभीर रूप से घायल का बिहारी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार घटनास्थल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की मदद से हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं जिससे हमलावरों को गिरफ्तार किया जा सके।

## टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता खत्म : दूसरी डोज के लिए कल से विशेष अभियान

लखनऊ ब्यूरो : टीकाकरण की पहली व दूसरी डोज के लिए रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता प्रशासन ने खत्म कर दी है। अब वॉक इन टीकाकरण व्यवस्था होगी। डीएम अभिषेक प्रकाश ने सभी टीकाकरण केंद्रों पर उक्त व्यवस्था तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण कराएं। डीएम के अनुसार, कोविशील्ड व कोवाक्सीन दोनों प्रकार की वैक्सीन का इस्तेमाल करते हुए पहली व दूसरी खुराक दी जाएगी। दूसरी डोज न लगवाने वालों के लिए 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक विशेष अभियान चलेगा। इस दौरान पहली डोज भी दी जाएगी। बैंक, राशन शॉप, हाट बाजार व मेला साइट आदि कॉमन साइट पर शिविर के निर्देश दिए हैं। ये निर्देश दिए गए– सीएचसी स्तर पर मीडिया व सोशल मीडिया के जरिये व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। स्कूल व कॉलेज के माध्यम से भी जागरूक किया जाए। स्कूली बच्चों से बुलावा पर्ची के जरिये लाभार्थियों को केंद्रों पर बुलाया जाए। पांच सबसे अधिक टीकाकरण कराने वाले केंद्रों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जो अधिकारी अपने केंद्रों पर शत प्रतिशत टीकाकरण कराएंगे, वह लखनऊ कार्निवाल में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित होंगे।



–सुविचार–
*भूल होना प्रकृति है, मान लेना संस्कृति है, सुधार लेना प्रगति है–*
*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# पटरी पर लौटती देश की अर्थव्यवस्था

त्योहारों का मौसम हमेशा कुछ ऐसा होता है कि उत्साह और आनंद का माहौल स्वतः ही बन जाता है। लेकिन वर्ष 2020 अलग था, कोविड महामारी के चलते त्योहारों के दौरान उत्साह ठंडा पड़ गया था। वास्तव में, 2020 की दिवाली के समय संक्रमण के मामले बढ़ने, कई जगहों पर तालाबंदी और हर चीज पर प्रतिबंध के चलते कहीं कोई खुशी का माहौल नहीं था। कह सकते हैं कि वर्ष 2020 में त्योहारों का उत्साह बिल्कुल गायब था। लेकिन इस वर्ष सौ करोड़ टीकाकरण और नए कोविड मामलों में कमी के चलते प्रतिबंध कम हो रहे हैं और आर्थिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

हमारे त्योहारी मौसम दुकानदारों के लिए खास मायने रखते हैं, क्योंकि इस दौरान आर्थिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। उत्सव अपने तरीके से आर्थिक उछाल में योगदान करते हैं। वास्तव में असंगठित एवं अर्ध–संगठित क्षेत्र में बड़ी संख्या में काम करने वाले लोगों ने वर्ष 2020 में बहुत कुछ खोया। लेकिन इस साल चीजें उत्साहजनक हैं। सरकार ने भी सरकारी कर्मचारियों के लिए बकाया राशि जारी करके, उनके हाथों में अधिक नकदी डालकर, जिसे खर्च किया जा सकता है, अपना काम किया है। आइए, हम उन घटनाओं को देखें, जो अर्थव्यवस्था में बहुत जरूरी पुनरुद्धार और उत्साह लाएंगे, छोटे उद्यमों के व्यवसाय को फिर से शुरू करेंगे और सकारात्मक बदलाव के लिए माहौल तैयार करेंगे।

शैक्षणिक संस्थानः कोविड के चलते स्कूल और कॉलेज परिसर बंद होने के कारण छात्रों को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की गई, लेकिन इसकी सीमा थी, जिस कारण बहुत से छात्र इससे वंचित रह गए। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के लोगों के प्रवासन के कारण बहुत से छात्रों ने पढ़ाई ही छोड़ दी या उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। स्कूल और कॉलेज खुलने से उन छात्रों को मदद मिलेगी और शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों में भी इसका असर पड़ेगा। किताबें, स्टेशनरी, स्कूल यूनिफॉर्म, ट्यूशन, परिवहन और अन्य संबंधित क्षेत्रों में कारोबार शुरू होने से ये क्षेत्र पटरी पर लौट पाएंगे।

यात्रा और अवकाशः एयरलाइंस और रेल मार्गों ने फिर से परिचालन शुरू कर दिया है और इसी तरह थिएटर, रेस्तरां, मॉल और बाजार भी खुल गए हैं। इन सभी क्षेत्रों में रोजगार का स्तर उच्च है, जो ऐसे व्यवसायों और व्यापार में लगे लोगों के लिए शुभ संकेत है। ट्रैवल एजेंट, मूवी हॉल, मनोरंजन उद्योग, खाद्य और पेय उद्योग, होटल, रेलवे, एयरलाइंस और कई अन्य क्षेत्र परोक्ष रूप से इन क्षेत्रों से जुड़े हैं, जिन्हें इन क्षेत्रों के खुलने से लाभ होगा। पर्यटन क्षेत्र अपनी प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार संभावनाओं के साथ न केवल पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने में मदद करेगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

सवारी और व्यावसायिक वाहनः पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ कारों की बिक्री धीरे–धीरे बढ़ रही है। बिक्री बढ़ाने के लिए डीलर और कार निर्माता ग्राहकों को काफी छूट और कई लाभ दे रहे हैं। उच्च ईंधन लागत को संबोधित करने के लिए कई ऑटो निर्माताओं ने हरित पहल को समर्थन देने के लिए सरकारी पहल द्वारा समर्थित इलेक्ट्रिक वाहनों में संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। यह क्षेत्र भी भारी रोजगार पैदा करता है और यह लोगों के लिए अपनी कार्यकुशलता में सुधार करने का साधन है। दक्षता, कम संचालन व रखरखाव लागत के कारण हमारे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य सकारात्मक है।

रियल एस्टेट एवं संबंधित क्षेत्रः आर्थिक गतिविधियों में सुधार घर और व्यावसायिक अचल संपत्तियों की खरीद से जुड़ा है। जैसे–जैसे चीजें बेहतर होंगी, वे सभी, जिन्होंने कार्यालय बंद कर दिया था, अपने कार्यालय स्थापित करेंगे और ऐसा ही शहरी क्षेत्रों में प्रवासी आबादी के साथ होता है, जो बेहतर आर्थिक संभावनाओं के लिए शहरों में वापस आते हैं। इससे निर्माण, सीमेंट, टाइल्स, पेंट और सेनेटरी वियर कंपनियों को काफी फायदा होगा। साथ ही, रियल एस्टेट डेवलपर्स, श्रम और सुरक्षाकर्मियों के लिए संभावनाएं बढ़ेंगी।

स्वास्थ्य सेवाः स्वास्थ्य सेवा ही संभवतः ऐसा क्षेत्र था, जिस पर कोविड का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, उसमें और बेहतर संभावनाएं दिखाई देंगी, क्योंकि गैर–कोविड नियमित स्वास्थ्य सेवा पुनः पटरी पर लौटेगी। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा पर कई राज्य और केंद्र सरकार की परियोजनाओं के शुरू होने के साथ दवा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इससे डॉक्टरों के साथ–साथ नर्सों, तकनीशियनों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अन्य रोजगार की संभावनाओं में भी वृद्धि होगी, जो एक सुचारू ढंग से संचालित अस्पताल नेटवर्क के लिए जरूरी है।

वित्तीय सेवाएं : शेयर बाजार बढ़त पर है, और बचत वाले लोग शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं, विशेष रूप से हाल के महीनों में बाजार में आईपीओ की बाढ़ आ गई है। इस बीच, होम लोन की कम ब्याज दरों के साथ, घर खरीदारों के बीच त्योहारी सीजन में घर खरीदने के लिए कर्ज लेने में दिलचस्पी बढ़ी है। जैसे, कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ 'बाय नाउ पे लेटर' (बीएनपीएल) ट्रेंड लोगों को अभी खरीदारी करने और बाद में अपनी खरीदारी का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, वित्तीय सेवा उद्योग ने हाल के वर्षों में इससे अधिक आकर्षक ऑफर नहीं देखा है।

कुल मिलाकर, आंकड़े और रुझान अर्थव्यवस्था और लोगों के मिजाज में तेजी का संकेत देते हैं। लोगों को कोविड संबंधी पाबंदियों और निराशा से बाहर आने पर राहत मिली है। त्योहारों के मौसम ने बस खुशियों के लिए जरूरी बहाना और माहौल बना दिया है। कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जहां अपनी समस्याओं से जूझ रही हैं, वहीं भारत फिर से अपनी बड़ी आबादी का लाभ देख रहा है, जिसमें उन समस्याओं से निपटने के लिए खपत की प्रवृत्ति अंतर्निहित है। उम्मीद की जा रही है कि हम अर्थव्यवस्था और लोगों पर पड़े कोविड की मार से बाहर निकल आए हैं और अब जीवन व आजीविका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इससे मुक्त हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली,मा.उत्तर प्रदेश राज्य प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुरेन्द्र सिंह–प्रथम की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन न्यायालय के दस कक्षीय भवन के सभागार में किया गया। भारतीय संविधान दिवस की प्रस्तावना का पाठ माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा पढ़ा गया। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश महेन्द्र प्रसाद चौधरी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश– रवींद्र कुमार, मो. रिजवानुल हक, श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार पंचम, सुश्री निरूपमा विक्रम, श्रीमती आशा रानी सिंह, दीपक यादव, अबुल कैश, अनिल कुमार–6,सुधाकर दुबे,सिविल जज (सी. डि.) कुलदीप सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–प्रथम शीलबंत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अलका पाण्डेय, अपर सिविल जज



(सी. डि.) श्रीमती तूलिका बन्धु, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या–4 श्रीमती रश्मि चन्द्र, सिविल जज जू. डि. अंकुर चित्रांशी, जूडीशियल मजिस्ट्रेट–प्रथम सुश्री आकांक्षा बाजपेई, सिविल जज जू. डि. विनोद कुमार यादव, जूडीशियल मजिस्ट्रेट– सुश्री रिचा शुक्ला, अपर सिविल जज जू. डि. अनुज सिन्हा,अपर सिविल जज जू. डि. सुश्री निकिता सेंगर, अपर सिविल जज जू. डि. श्रीमती अंकिता सिंह, सिविल जज जू. डि. एफ. टी. सी. महिला श्रीमती वैशाली सिंह,न्यायालय कर्मचारीगण तथा पराविधिक स्वयं सेवकगण आदि मौजूद रहे।

## वरदान के सामूहिक विवाह में तीस जोड़े करेंगे नई जिंदगी की शुरुआत : 28 नवंबर को एक दूसरे के गले में डालेंगे वरमाला

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी 28 नवंबर 2021 रविवार को घंटाघर मैदान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है इस आयोजन के लिए हवन की वेदी सजाते हुए विशेष पंडाल निर्मित हो रहा है वर वधु को उपहार में देने वाले कपड़े जेवर तथा बर्तन आदि को एकत्रित कर उनका बक्सा तैयार किया जा रहा है इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के चेयरमैन मुकुल सिंघल पधार रहे हैं तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में जनपद के जिला अधिकारी अविनाश कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडे उपस्थित रहेंगे । आज ट्रस्ट के सदस्यों तथा सहयोगियों की बैठक वरिष्ठ ट्रस्टी अरुणेश बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई ट्रस्ट के सचिव अतुल कांत द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2002 से जारी सामूहिक विवाह समारोह की परंपरा में इस वर्ष 30 विवाह संपन्न होंगे जिसमें 26 विवाह हिंदू पद्धति से तथा चार निकाह मुस्लिम रीति से कराए जाएंगे विवाह करवाने का उत्तर दायित्व गायत्री परिवार पिहानी के अतुल कपूर एवं उनकी टोली को तथा निकाह करवाने की जिम्मेदारी शहर काजी व हाजी वसीम अहमद को सौंपी गई है बैठक में



निर्णय हुआ कि नगरपालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर बैंड बाजे के साथ बारात लेकर गांधी भवन से घंटाघर मैदान पहुंचेंगे वधुओं के श्रंगार के लिए पूर्णिमा मिश्रा, माधवी श्रीवास्तव, सरिता अग्रवाल ,उमा श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है साथ ही बरो को तैयार करने का उत्तरदायित्व अनिल श्रीवास्तव संजय अग्रवाल को सौंपा गया है भोजन व्यवस्था का संपूर्ण उत्तरदायित्व ट्रस्टी अविनाश चंद्र गुप्ता देखेंगे और वर–वधू के जलपान की व्यवस्था मनीष चतुर्वेदी के सौजन्य से की गई है वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों का दुर्घटना बीमा भी कराया जाएगा। इस अवसर पर वरदान ट्रस्ट की संक्षिप्त गतिविधियों और दानदाताओं की सूची के रूप में पत्रक का प्रकाशन भी किया जाएगा जिसके लिए अशोक श्रीवास्तव को अधिकृत किया गया है वर वधू के पंजीकरण काउंटर की व्यवस्था करुणा शंकर द्विवेदी गिरीश चंद्र मिश्र श्रवण दीक्षित और एडवोकेट अनिल मिश्र सभालेंगे।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आजादी के 75वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम में शासन द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा जनपद सुलतानपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तावना पाठ का संकल्प उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाते हुए संविधान दिवस आयोजित किया गया। मा0 महामहिम राष्ट्रपति द्वारा संसद के केन्द्रीय कक्ष में प्रातः 11 बजे शुभारम्भ किया गया, जिसका सजीव प्रसारण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से दिखाया गया। 26 नवम्बर, 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तावना पाठ एवं प्रश्नोत्तरी एवं कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए वेबीनार, अन्य क्रिया कलाप एवं वर्कशाप इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन संविधान की भावना के अनुरूप किया गया। संविधान दिवस( 26 नवम्बर, 2021 ) के अवसर पर नागरिकों के मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्त, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा व अवसर की समानता पर चर्चा करते हुए




व्यक्ति की गरिमा राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली बन्धुता बढ़ाने की बात की गयी। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा ने प्रस्तावना पाठ का संकल्प उपस्थित अधिकारियों को दिलाकर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नागरिकों के संविधान प्रदत्त अधिकारों की चर्चा की गयी। इस अवसर पर अपर जिलधिकारी(प्रशासन) बी0 प्रसाद, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन सहित कलेक्ट्रेट के स्टाफ द्वारा प्रस्तावना पाठ का संकल्प लिया गया।

## दहेज प्रतिषेध दिवस'' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0वर्मा की अध्यक्षता में ''दहेज प्रतिषेध दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक–लम्भुआ, जनपद–सुलतानपुर में सम्पन्न हुआ है, जिसमें यह शपथ ली गयी कि हम समाज के दहेज लेने व देने का बहिष्कार करेगें तथा दहेज रूपी कुरीति का विरोध करेगें, ताकि इस सामाजिक कुरीति को जड़ से मिटाया जा सकें। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा दहेज रूपी सामाजिक कुरीति को एक सामाजिक अभिशाप बताया जिसके कारण आज भी नयी नवेली बहुओं को जान देने के लिए विवश किया जाता है तथा उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं को जैसे– मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रानी लक्ष्मीबाई महिला एंव बाल सम्मान कोष, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड–19ध्सामान्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0एम0 मजीद द्वारा महिला स्वावंलबन के बारे में बताते हुए कहा कि अपने हुनर को जीवन में जरूर स्थान देने पर जोर दिया जाय, ताकि विपरीत




परिस्थित में जीवन को सुचारू रूप से चलाने में सहायता मिल सकें। इस मौके पर डॉ0 अमित कुमार सिंह, डॉ0 सुनील पटेल, डॉ0 दिनेश यादव, एम0यू0 सिद्दीकी, ए0डी0ओ समाज कल्याण लम्भुआ, रेखा गुप्ता, महिला कल्याण अधिकारी, महिला शक्ति केन्द्र, गीता वर्मा, परामर्शदाता, अजय कुमार आकडँा विश्लेषक, राम केवल वर्मा, आउटरीच कार्यकर्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई आदि के साथ जन समूह उपस्थित रहें।

## गोंडा जिले के सरस्वती देवी नारी ज्ञान स्थली पीजी कालेज ने करवाया था प्रतियोगिता का आयोजन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : अन्तर महाविद्यालयीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कल यानि 25 नवम्बर को सरस्वती देवी नारी ज्ञान स्थली, पी जी कॉलेज, गोंडा द्वारा किया गया था। जिसमें संस्थान की महिला वॉलीबॉल टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उपविजेता रहकर संस्थान को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में अंशिका सिंह (कप्तान),दीक्षा यादव,आकांक्षा गुप्ता,अर्चना यादव, आस्था पांडेय,साक्षी, आस्था तिवारी, सुरुचि सहित तमाम खिलाड़ियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं संस्थान वापसी पर प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह एवं विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा डॉ प्रवीण कुमार सिंह द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। टीम के कोच के रूप में श्री अतुल कुमार रहे। प्राचार्य जी ने खिलाड़ियों को और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया एवं संस्थान द्वारा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। आपने कहा कि हर व्यक्ति को कुछ ना कुछ जरूर खेलना चाहिए। यदि आप मेहनत करेंगे तो अगले सत्र में अन्तर महाविद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का



आयोजन संस्थान क्रीड़ा स्थल पर ही कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर पूर्व प्राचार्य डॉ राधे श्याम सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ विजय प्रताप सिंह,उपप्राचार्य डॉ सुशील कुमार सिंह, डॉ आर पी सिंह, संयोजक मिशन शक्ति डॉ रंजना सिंह, डॉ किरण सिंह,डॉ राकेश पाण्डेय, डॉ बिहारी सिंह, डॉ प्रतिमा सिंह, जिला वॉलीबॉल संघ के डिप्टी सेक्रेटरी पंकज दुबे, बर्सर अनिल सिंह, आलोक कुमार वर्मा, अवधेश प्रताप सिंह,आर पी मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद चौरसिया,महेश यादव, आशुतोष यादव, शरद पाठक, डॉ ओम प्रकाश सिंह, श्री आर सी श्रीवास्तव आदि ने खुशी जाहिर की।

## टीईटी परीक्षा केंद्र की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे केंद्र पर्यवेक्षक राम कुमार'

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शासन की महत्वपूर्ण टेट परीक्षा कल 28 नवम्बर को जनपद के 34 परीक्षा केन्दों पर होने जा रही है। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवम पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। हनुमत इंटर कॉलेज धम्मोर का पर्यवेक्षक खण्ड शिक्षा अधिकारी दूबेपुर रामकुमार को नियुक्त किया गया है। रामकुमार शुक्रवार को तैयारी का जायजा लेने हनुमत इंटर कालेज धम्मोर पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक एवम प्रधानाचार्य डॉ वेद प्रकाश आर्य से सीटिंग प्लान कक्ष निरीक्षकों सीसी टीवी एवम तैयारी की जानकारी लिया और स्थलीय निरीक्षण किया। सब कुछ सही हालत में दुरुस्त पाया। सुरक्षा ब्यवस्था के लिहाज से लगभग दो हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों की तैनाती की गयी है । आने वाले अभ्यर्थियों को चेंकिग के बाद



ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने दिया जायेगा । मोबाईल की इजाजत नहीं होगी। सुरक्षा को पुख्ता रखने के लिए सभी क्षेत्राधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है । पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.30 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा 2.30 से 5बजे तक होगी।

## हनुमत कृपा ट्रस्ट के संरक्षक से मिले बाबा नीब करौरी महाराज के भक्त

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी स्थित हनुमान सेतु मंदिर परिसर में हनुमत कृपा ट्रस्ट के संरक्षक डॉ श्याम लाल कपूर से मिलकर हनुमत स्वरूप बाबा नीब करौरी महाराज के अनन्य भक्त गुड़गांव हरियाणा निवासी उमेश टंडन समेत आधा दर्जन भक्त जनों ने आशीर्वाद लिया। संत हृदय टंडन जी ने डॉक्टर कपूर को श्री रामचरितमानस की प्रति भेंट की। इस मुलाकात में डॉक्टर कपूर ने बाबा जी के जीवन से संबंधित कई संस्मरण भी सुनाये। हनुमत कृपा ट्रस्ट के सलाहकार व हनुमान भक्त उमेश टंडन शुक्रवार को राजधानी पहुंचे और हनुमत कृपा पत्रिका के रविंद्र पल्ली फैजाबाद रोड स्थित कार्यालय में संपादक नरेश दीक्षित, हनुमत कृपा मीडिया यूट्यूब चौनल के संपादक पंडित अनुराग मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार डॉ अरविंद पाण्डेय, रमेश शर्मा, विशेष संवाददाता आर एल पाण्डेय आदि के साथ करीब 2 घंटे रहकर पत्रिका से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर राय मशविरा की और कई अहम सुझाव भी दिये। प्रभु श्री राम व हनुमान जी की सेवा में लगे सभी भक्तजनों ने उनके सुझावों पर और उन्हें



कार्य रूप में अपनाने का संकल्प भी लिया। हनुमान सेतु मंदिर परिसर में हुई मुलाकात में बाबा जी के अनन्य भक्त आशुतोष मेहरोत्रा की उपस्थिति सराहनीय रही। सभी हनुमत भक्तों ने हनुमान सेतु मंदिर ट्रस्ट के 18 साल सचिव रहे डॉक्टर एस एल कपूर को भरोसा दिलाया कि आध्यात्मिक मासिक पत्रिका हनुमत कृपा के प्रचार प्रसार के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे और देशभर के अधिक से अधिक भक्तों को इस आध्यात्मिक पत्रिका से जोड़ेंगे।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह के निर्देशन तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में तहसील स्तरीय खेल कूद एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र शाहाबाद में किया गया।जिसमें रंगोली, सुलेख, कुर्सी रेस,50मीटर रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन श्रीश चन्द्र पाण्डेय, रामाशीष गुप्ता, अर्चना दुवेदी, राधा देवी, एवम ब्लॉक के समस्त अध्यापकों का सहयोग प्रदान किया गया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हरदोई के जनपदीय महामन्त्री सन्तोष अग्निहोत्री द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।ततपश्चात दिव्यांग बच्चों के द्वारा सरस्वती बन्दना की गयी।इस अवसर पर मुख्य रूप से शशांक सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर बाजपेयी,रामगोपाल यादव प्रधानाध्यापक जूनियर हाईस्कूल शाहाबाद,धीरेन्द्र कुमार लेखाकार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। माला गूँथन प्रतियोगिता में शिवम जूनियर चठिया –टोडरपुर प्रथम,मोहिनी नेदुरा पिहानी द्वितीय,मोनी नेदुरा पिहानी तृतीय रहे। सुलेख प्रतियोगिता में शिवम जूनियर चठिया टोडरपुर प्रथम,दीपू जूनियर



चठियाटोडरपुर द्वितीय,सन्दीप जूनियर चठिया टोडरपुर तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में दीपू जूनियर चठिया टोडरपुर प्रथम,दीपू जूनियर सिकन्दरपुर कल्लू शाहाबाद द्वितीय, सन्दीप जूनियर चठिया टोडरपुर तृतीय स्थान पर रहे।रंगोली प्रतियोगिता में रूपा जूनियर सिकन्दरपुर बाजार टोडरपुर प्रथम,शिवम जूनियर एगवां शाहाबाद द्वितीय,सनोबर प्राथमिक एगवां शाहाबाद तृतीय स्थान पर रहे।कुर्सी दौड़ में राजबहादुर जूनियर बरखेरा शाहाबाद प्रथम,सन्दीप जूनियर चठिया टोडरपुर द्वितीय,शीबू जूनियर सिकन्दरपुर कल्लू शाहाबाद तृतीय स्थान पर रहे।दौड़ (50मीटर) स्पर्धा में सुन्दरम प्राथमिक दलेलनगर शाहाबाद प्रथम,कुलदीप जूनियर चठिया टोडरपुर द्वितीय, दीपू जूनियर चठिया टोडरपुर तृतीय स्थान पर रहे।

## "संविधान दिवस" के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर जौनपुर में भारतीय संविधान प्रस्तावना की पाठन कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर सू.वि. : उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार "संविधान दिवस" के अवसर पर 26 नवम्बर 2021 को जनपद न्यायाधीश एम0पी0 सिंह की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर जौनपुर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना की पाठन कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया, जिसे उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा दोहराया गया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि आज जरूरत इस बात है कि जन–जन तक संविधान की जानकारी उससे प्राप्त मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में भारतवर्ष के हर नागरिक को जानकारी हो तब जाकर आने वाले दिनों में संविधान दिवस का यह दिन एक उत्सव के रूप में मनाये जाने कि परिकल्पना साकार होगी। हम सभी लोग भारतीय संविधान के द्वारा यानि विधि के शासन के द्वारा शासित होते है, इसका सम्मान हमारा कर्तव्य है। तदोपरान्त जिला कारागार, जौनपुर में माननीय जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर का आयोजन कर कारागार के समस्त अधिकारी, आरक्षी एवं बन्दियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया। "प्ली बारगेनिंग" के विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए यह बताया गया कि "प्ली बारगेनिंग" के द्वारा दाण्डिक अभियोजन व पीड़ित पक्ष आपसी सामन्जस्य से आपराधिक प्रकरण के निपटारे हेतु न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते है। भारतीय दाण्डिक न्याय व्यवस्था में इस सम्बन्ध में प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 2/2006 के द्वारा "प्ली बारगेनिंग" शीर्षक से एक नया अध्याय 21ए (धारा 265ए–265एल द0प्र0सं0) के नाम से जोड़ा गया था, यह बताया गया कि "प्ली बारगेनिंग" के तहत अभियुक्त को अपराध की स्वीकृति करने पर हल्के दण्ड से दण्डित किया जाता है जो कि अन्यथा कठोर हो सकता है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार करके पीड़ित व्यक्ति को हुए नुकसान और मुकदमें के दौरान हुए खर्चे की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है। "प्ली बारगेनिंग" का लाभ ऐसे अपराधों में लिया जा सकता है जिसमें अधिकतम सजा 07 वर्ष से अधिक न हो, अपराध देश की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को प्रभावित न करती हो ऐसे अपराध जो महिलाओं अथवा 14 वर्ष से कम आयु में बच्चों के साथ कारित न किये गये हो, तथा समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 436ए के बारे में बताया गया कि जब अजमानतीय अपराध के अभियुक्त व्यक्ति से भिन्न कोई व्यक्ति पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी द्वारा वारण्ट के बिना गिरफ्तार या निरूद्ध किया जाता है या न्यायालय के समक्ष हाजिर होता है या लाया जाता है और जब वह ऐसे अधिकारी की अभिरक्षा में है, उस बीच किसी समय, या ऐसे न्यायालय के समक्ष कार्यवाहियों के किसी प्रक्रम में जमानत देने के लिए तैयार है तब ऐसा व्यक्ति जमानत पर छोड़ दिया जायेगा। परन्तु यदि ऐसा अधिकारी या न्यायालय ठीक समझता है तो वह ऐसे व्यक्ति से जमानत लेने के बजाय उसे इसमें इसके पश्चात उपबन्धित प्रकार से अपने हाजिर होने के लिए प्रतिभूओं रहित बंधपत्र निस्तादित करने पर उन्मुचित कर सकेगा और यदि ऐसा व्यक्ति निर्धन है और जमानत देने पर निर्भर है, तो उसे ऐसे उन्मोचित किया जायेगा। साथ ही साथ साफ–सफाई संक्रामक रोगों से बचाव आदि हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान महिला बन्दियों को शाल कार्डिगन आदि वितरित किये गये एवं महिला बन्दियों के साथ रह रहे 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को स्वेटर, कापियॉ, पेंसिल बाक्स एवं चाकलेट वितरित कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। श्रीमती शिवानी रावत, सचिव की अध्यक्षता में मा0 कांशीराम जी इण्टर कालेज शीतला चौकिया, जौनपुर में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया जिसे विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक गण, बच्चों एवं उपस्थित नागरिकों द्वारा दोहराया गया। इस अवसर पर सचिव द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला गया।

## संविधान की मूल भावनाओं का करें अनुसरण– कुलपति



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दतोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान की ओर से संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में शुक्रवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने अभिव्यक्ति की आजादी, समानता और भाईचारे की बात पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का प्राक्कलन अद्भुत था। उन्होंने कहा कि विधि संस्थान के शिक्षक विद्यार्थी संविधान की मूल भावना का अपने जीवन में अनुसरण करें। इस अवसर पर प्रबंध संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो.अविनाश पार्थीडेकर ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखकर संविधान बनाया, इसलिए हमारा संविधान विश्व के संविधान से श्रेष्ठ माना जाता है। संचालन डॉ. अनुराग मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन निदेशक डॉ.मंगला प्रसाद यादव ने किया। समारोह में प्रो .मानस पांडेय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ मनोज मिश्र, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ.मनोज पांडेय, डॉ अमित वत्स, डॉ. वनिता सिंह, डॉ.प्रियंका कुमार, डॉ अवधेश मौर्य, रहमतुल्लाह आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व कुलपति सभागार में कुलपति जी की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया।

### जिला कारागार जौनपुर में निरूद्ध महिला बन्दियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को गर्म ऊनी वस्त्रों का वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला कारागार जौनपुर में निरूद्ध महिला बन्दियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को शीत ऋतु के प्रकोप से बचाने के लिए गर्म ऊनी वस्त्रों (शाल एवं स्वेटर) का वितरण किया गया। 56 महिलाओं एवं महिलाओं के साथ रह रहे 15 बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किये गये। इस अवसर पर माननीय जिला जज सपत्नी द्वारा महिला का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर मा० अध्यक्षा अकांक्षा समिति डा० अंकिता राज, मा० मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री विकास, जेलर कुलदीप सिंह मदीरिया, चिकित्साधिकारी डा० रविराज कमलेन्द्र प्रताप सिंह उप कारापाल, राजकुमार सिंह, उप कारापाल, प्रदीप कुमार अस्थाना, खलीक अहमद, वेद प्रकाश त्रिपाठी, रजत सिंह, जेल वार्डर आदि लोग उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक एस०के० पाण्डेय द्वारा उच्चाधिकारियों को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया और भविष्य में इसी प्रकार आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह भी किया गया।

## सपा सरकार में होते थे दंगे : गरीबों का राशन जाता था सैफई – सीएम योगी

गोंडा ब्यूरो : गोंडा में कटरा के मैजापुर चीनी मिल में 450 करोड़ के एथनॉल प्लांट के शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास और सबकी खुशहाली के कार्य होते हैं। सपा सरकार में आतंकवादियों के मुकदमे वापस होते थे। किसानों का उत्पीड़न होता था। उन्होंने कहा कि अब गरीबों को मुफ्त में आवास, शौचालय, गैस, बिजली कनेक्शन और राशन मिल रहा है। सपा सरकार में गरीबों का राशन सैफई चला जाता था। भूख से मौत होती थी और किसान को उपज का सही मूल्य नहीं मिलता तो किसान आत्महत्या कर रहे थे। अब ऐसा नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसान गन्ना के साथ पेट्रोल और डीजल भी पैदा करेंगे। पहले डीजल और पेट्रोल के लिए रुपये विदेश जाते थे अब किसानों की जेब में जाएंगे। एथनॉल प्लांट से किसानों को तरक्की होगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भाजपा सरकार किसानों की तरक्की और बिना भेदभाव के सभी की खुशहाली का काम करती है। यह पहले भी हो सकता था, लेकिन साल 2017 के पहले पर्व और त्योहार पर दंगे होते थे। अब पर्व व त्योहार पर शांति है, आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा गया। पर्व व त्योहार को लोगों ने पूरे उत्साह से मनाया। जहां पूरे विश्व के कई देश कोरोना से तबाह हैं लेकिन यहां लोगों की आस्था से कोरोना का खात्मा हो गया। पीएम मोदी ने लोगों को मुफ्त में कोरोना से सुरक्षा के लिए वैक्सीन दिया। उन्होंने हाथ उठवाकर पूंछा कि कितने लोगों ने टीका लगवाया। कहा कि टीका लगवाइए जरूर, मुफ्त में 15 करोड़ लोगों को प्रदेश में टीका दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का सम्मान करती है इसलिए गन्ना के साथ ही गेहूं, धान, दलहन तिलहन उपज क्रय के लिए केंद्र खोले। गोंडा में 92 हजार कुंतल किसानों का गेहूं खरीदा गया और एमएसपी की रकम सीधे खातों में भेजी गई। गरीबों को आवास दिया गोंडा में ही 47 हजार लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास दिया गया। सबको मार्च तक राशन देंगे। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर बन रहा है। गोंडा में किसी ने सोचा नहीं था कि मेडिकल कॉलेज बनेगा। उसे पूरा किया



और मैं खुद मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास करने आया। कोरोना काल में मैं तीन बार गोंडा आया और लोगों का हाल लिया। पार्टी के लोग दिन रात जनता के बीच जुटे रहे। उस समय कांग्रेस, सपा व बसपा के लोग छुपे रहे, विपत्ति के समय जनता का हाल नहीं लिया। लोगों को सावधान किया कि ऐसे लोग आएंगे तो दंगे कराएंगे। घर में जाकर बताइए कि ऐसे लोगों को घरों में ही रहने देना है। सपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और कहा कि जनता के हक पर डकैती डालने वालों से जनता को सावधान रहना है। भाजपा सरकार बिना भेदभाव के लोगों की खुशहाली का काम करती है। उन्होंने बलरामपुर ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि एथनॉल प्लांट के साथ ही 15 मेगावाट बिजली उत्पादन का केंद्र क्षेत्र की तरक्की होगी। जगमगाहट होगी, व्यापार व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह प्रदेश में निवेश करने वालों के साथ हैं। इस दौरान सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह व समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने विचार व्यक्त किए। बलरामपुर ग्रुप के प्रबंध निदेशक विवेक सरावगी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतीक भूषण सिंह, बावन सिंह, प्रभात वर्मा, प्रेम नरायन पांडे, विनय द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र,क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नरायन मिश्र, जिलाध्यक्ष हियुवा शारदा कांत पांडेय, भाजपा अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप आदि रहे।

## मतदाता सूची निर्वाचन की आत्मा है–चुनावी पाठशाला

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड शाहगंज में सभी 132 परिषदीय विद्यालयों पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला आयोजित कर लोगों को मतदाता बनने हेतु जागरूक किया गया। अर्ह लोगों को मतदाता बनाने के लिए जागरुक करने को, लोगों ने संकल्प लिया तथा मतदाता की शपथ लिया। बच्चों ने रंगोली बनाकर वोटर बनने हेतु प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में आयोजित चुनावी पाठशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची निर्वाचन की आत्मा है। यदि मतदाता सूची स्वच्छ एवं पारदर्शी है तो निर्वाचन में कोई कठिनाई नहीं आएगी। इसी मतदाता सूची को पुनरीक्षित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 30 नवम्बर तक चल रहा है। मतदाता अपने–अपने बी एल ओ से सम्पर्क कर मतदाता सूची देखें। यदि सूची में उनका नाम नहीं है, अथवा नाम गलत है तो बीएलओ के माध्यम से फार्म प्राप्त कर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि जो युवा एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं वह भी अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करायें। उन्होंने लोगों से अपील किया कि स्वयं व दूसरों को जागरूक करें विशेषकर महिलाओं एवं युवा मतदाता जिनकी संख्या जनसंख्या के अनुपात में कम पंजीकृत है उनके लिए पंजीकरण पर विशेष ध्यान एवं दिव्यांग मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना है। इसके साथ







ही मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए एनवीएसपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ए.आर.पी. प्रशांत मिश्रा ने अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। एआरपी सुभाष चन्द्र यादव ने छात्र–छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने घर तथा आसपास के लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर एआरपी धर्मेन्द्र सिंह, उमेश पाठक, प्रभाकर उपाध्याय, रुपेश सिंह, रजनीश सिंह, विजय बहादुर यादव, राजेश मौर्य, अशोक कुमार, प्रियंका सिंह, आर पी सिंह, अजय यादव, सूर्यकांत यादव, गिरीश सिंह, दिनेश सिंह, शकुंतला देवी, राधेश्याम मिश्र, आदि उपस्थित रहे तथा शाहगंज ब्लाक के सभी विधलायो पर चुनावी पाठशाला आयोजित करने में सभी शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का योगदान रहा।

## 28 नवंबर को प्रातः 10:00 बजे लोक भारती की होगी मासिक बैठक

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लोकभारती की मासिक बैठक रविवार 28 नवंबर प्रातः १० बजे होना सुनिश्चित हुआ है। स्थान : डॉ बी आर आम्बेडकर आई टी आई कालेज, सराय शहजादी, कटी बगिया, बंथरा निकट रामाडा होटल गेट नं 3 के सामने, कानपुर रोड़, लखनऊ। इंजीनियर आशीष दीक्षित (मेजवान) ने उक्त जानकारी दी।

### वोट लोकतंत्र का आधार है – चुनावी पाठशाला

जौनपुर सू.वि. : संविधान दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड बरसठी के सभी 141 परिषदीय विद्यालयों पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बरसठी सुरेन्द्र सिंह पटेल के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला आयोजित कर लोगों को मतदाता बनने के लिए जागरुक किया गया। प्राथमिक विद्यालय चतुर्भुजपुर विद्यालय पर आयोजित चुनावी पाठशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी बरसठी सुरेन्द्र सिंह पटेल ने शिक्षकों, युवा व विशेष रूप से अभिभावकों को मत के महत्व के सही इस्तेमाल करने के लियें जागरूक किया व उनके वोट के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि वोट लोकतंत्र का आधार है। इस वोट के माध्यम से हम ईमानदार जनप्रतिनिधि जनता के लिए ला सकते हैं। मतदान तभी कर सकते हैं जब आप वोटर होगें। इसलिए जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या 1 जनवरी 2022 को पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें मतदाता बनने के प्रति जागरूक करें। एंव लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान देते हुए मजबूत राष्ट्र की संकल्पना को साकार करें। इस अवसर पर बरसठी विकास खण्ड के सभी परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित करने में सभी एआरपी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का योगदान रहा।

## मसौधा के एम शुगर मिल शुरू होने के साथ ही राहगीरों की बढी परेशानी

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित के एम शुगर मिल चालू होते ही लोगों की परेशानी बढ़ी लगने लगे लंबे जाम बगल में माधव पुर ग्राम सभा है जिसमें बच्चे स्कूल जाते हैं दो प्राइमरी स्कूल है इसके अलावा के एम शुगर मिल की ओर से भी दो स्कूल चलते हैं लेकिन राहगीरों की जिंदगी हर वक्त खतरे में रहती है आप तस्वीर देखकर खुद ही अंदाजा है लगा लेंगे की कभी भी दुर्घटना हो सकती है हालांकि के एम शुगर मैनेजर वीएन मिश्रा ने बताया कि हमारे गार्ड रहेंगे यातायात में कोई बाधा नहीं आएगी पर ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है जाम लगने की स्थिति में आपस में मारपीट होने की नौबत तक आ जा रही है माधवपुर ग्राम सभा के लोग बताते हैं कि यहां पर ट्राली पलटने से मौत भी हो चुकी है और कई घटनाएं हो चुकी है बावजूद पुलिस प्रशासन या जिला प्रशासन के चेतने का नाम नहीं ले रहा है लंबी ट्राली के लाइनों में फंसे राहगीर घंटों अपने मंजिल तक पहुंचने के लिए हलाकान और परेशान रहते हैं इस संबंध में जब माधवपुर के प्रधान ऋषिकेश वर्मा से बातचीत की के प्रधान होने के नाते आप अपने गांव के लोगों के सुरक्षा के हित में क्या कदम उठा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि हम ट्राली उठाकर इधर से उधर तो रखेंगे नहीं हमने बात की है कि शुगर मालिक से वह करेंगे तो करेंगे हालांकि माधव पुर ग्राम सभा के 5000 से अधिक आबादी वाली ग्रामसभा है जो इसी रोड से होकर गुजरती है बावजूद प्रधान की गैर जिम्मेदाराना बात सुनकर उनसे किसी भी तरह की उम्मीद लगाना बेकार ही लगता है प्रधान होने के नाते और अपने गांव के लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनको कोशिश करना चाहिए कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से वार्ता करके लंबी जाम को हटाया जाए ताकि स्कूल में जाने वाले बच्चे बिना कोई खतरे के अपने स्कूल तक पहुंच सके और वापस घर आ सके।

## राम नगरी अयोध्या में 15 वें फिल्म फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेनीगंज में 15 वा फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ पद्मश्री मोहम्मद शरीफ, डॉक्टर मोहनदास फिल्म निर्देशक डॉ रमन सिंह, फिल्म अभिनेता शक्ति कुमार मिश्रा, डॉक्टर सौरभ आर्य हरियाणा, श्री सूर्यकांत पांडे, हरेंद्र राणा दिल्ली, कुणाल कुमार बॉक्सिंग चौंपियन, सरोज आर्य वर्ती, श्री डीके सिंह संयुक्त निदेशक आईटीआई श्री के के लाल प्रिंसिपल आईटीआई आवाम का सिनेमा अध



याय फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक अध्यक्ष शाह आलम, अंकित कुमार डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, सूरज यादव पानी संस्थान के अध्यक्ष अमित सिंह, पुरातन छात्र सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह औरा रेस्टोरेंट के प्रबंधक विभाकर पांडे, दशरथ गद्दी के महंत बृजमोहन दास सम्राट अशोक मौर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया श्रुति यादव द्वारा देश भक्ति ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया लोक कला पर आधारित लोक नृत्य फरवाही का प्रस्तुतीकरण हुआ कार्यक्रम में अंतरिक्ष श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव ने फिल्मों को प्रदर्शित किया लोगों ने मोहम्मद शरीफ साहब के ऊपर बनी टेली फिल्म का आनंद लिया आज प्रथम दिन शॉर्ट फिल्म पोस्टमार्टम को देखकर दर्शकों को छू गई, शॉर्ट फिल्म जीरो किलोमीटर, नमक, द चेयर, कहानियां स्टैंड अप आदि फिल्मों का प्रदर्शन किया गया या जानकारी देते हुए अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के प्रवक्ता जनार्दन पांडे बबलू ने कहा कल दिनांक 28 नवंबर को तमाम बड़े निर्माता निर्देशक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे आप सभी लोग आकर फिल्मों का आनंद लें 28 नवंबर 2021 का कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शुभारंभ होगा साथ ही में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन होगा।

## पुलिस चौकी में अनियंत्रित ट्रक के घुसनें से एक की मौत : दीवान की हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो : यूपी में जौनपुर के सरपहता थाना क्षेत्र के बलिया–लखनऊ राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। पान की गुमटी को रौंदते हुए एक अनियंत्रित ट्रक सराय मोहद्दीनपुर पुलिस चौकी में घुस गया। इस हादसे में पुलिस चौकी में मौजूद एक युवक की दीवार गिरने से मलबे में दबकर मौत हो गई। जबकि एक दीवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। लखनऊ बलिया राज्यमार्ग के किनारे सराय मोहिउद्दीनपुर पुलिस चौकी है। जहां शुक्रवार रात करीब एक बजे एक ट्रक अनियन्त्रित होकर पान की गुमटी को तोड़ते हुए पुलिस चौकी के अंदर घुस गया। गहरी नींद में सो रहे लोग तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। जहां चौकी में तैनात दीवान प्रेम सिंह को गंभीर रूप



से घायल पाया। जिन्हें आनन–फानन शाहगंज स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम भर्ती कराया। वहीं घटना स्थल पर मौजूद सराय मोहिउद्दीनपुर निवासी कल्लू (45) की मौत हो गई। जिसके शव को लोगों ने बाहर निकाला। उधर, हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

## मास्टरमाइंड दंपती सहित आठ आरोपियों पर लगा गैंगस्टर : करोड़ों की संपत्ति हथियाने के लिए की गई थी हत्या

वाराणसी ब्यूरो : एनटीपीसी रिटायर्ड अफसर मार्तंड शाही हत्याकांड में मास्टरमाइंड दंपती सहित आठ आरोपियों पर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जेल में बंद आरोपियों पर कैंट थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अभी हाल में ही इस केस को फास्ट ट्रैक ट्रायल करने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को अनुरोध पत्र भी भेजा है। करोड़ों रुपये की संपत्ति हथियाने के लिए मार्तंड शाही की कानपुर के नौबस्ता में हत्या कर दी गई थी। आठ अगस्त को मार्तंड शाही का शव नौबस्ता पुलिस ने बरामद किया था। कैंट थाना अंतर्गत छावनी क्षेत्र के बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी मार्तंड शाही को धोखे में रखकर उनकी करोड़ों की संपत्ति ककरमत्ता क्षेत्र के जानकी नगर स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट में रहने वाले राजेश कुमार चौहान और उसकी पत्नी कंचन सिंह चौहान ने दानपात्र करा लिया। मूलरूप से गाजीपुर के करीमुद्दीन थाना क्षेत्र के असावर के रहने वाले राजेश और कंचन ने मार्तंड शाही की हत्या कर उनका तीन मंजिला मकान कब्जा करने की साजिश गोरखपुर के सेमरा चिलुआताल के




बृजेश यादव, करजहो चिलुआताल के रमेश यादव, जौनपुर के पोखरा के दिनेश कुमार सिंह, गोरखपुर के सुभाष चंद्र बोस नगर के सुबोध कुमार द्विवेदी और भोजूबीर के निगमेंद्र सिंह सिसोदिया और भरलाई शिवपुरनिवासी राजेश कुमार के साथ रची थी। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि दंपती सहित आठ के ऊपर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस केस में पुलिस ने न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल कर दी है। 90 दिन चली तफ्तीश में पुलिस ने 1345 पन्ने की सीडीआर का आंकलन और 63 गवाहों के बयान लेने के बाद हत्या में शामिल आठ आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य इकट्ठा करते हुए आरोप पत्र तैयार किया।

### वाराणसी में भाजपा करेगी खाट चौपाल : 700 ट्रैक्टरों की निकलेगी रैली

वाराणसी ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ट्रैक्टर रैली व खाट चौपाल के जरिए चुनावी समर का आगाज करेगी। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ट्रैक्टर पर सवार होकर किसान सम्मान चौपाल में शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने में पार्टी कार्यकर्ता जुट गए हैं। जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में बताया कि 28 नवंबर को दोपहर 12 बजे पिंडरा विधानसभा के विश्वनाथपुर गांव में किसान सम्मान चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ट्रैक्टर महारैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। किसानों का उत्साहवर्द्धन करने के लिए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष खुद ट्रैक्टर पर सवार होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। इसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा सहित जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह बीरू ने कहा कि ट्रैक्टर रैली में लगभग 700 ट्रैक्टर बाबतपुर हवाई अड्डे से प्रदेश अध्यक्ष के साथ बाबतपुर चौराहे से बसनी बाजार होते हुए बड़ागांव बाजार से गांग कला भट्ठा से कनियर वह भीटी से कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। अंगवस्त्रम देकर करेंगे सम्मानित। कार्यक्रम में करीब पांच हजार किसानों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया जाएगा। महामंत्री पवन चौबे ने बताया कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को चरितार्थ कर रही है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू, जिला मंत्री शिवानंद राय, जिला मंत्री फौजदार शर्मा उपस्थित रहे।

